समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026

# छात्रों के मानसिक विकास से राष्ट्र निर्माण तक : गणेश रतनराव बनकर की ‘The Abacus World’ की प्रेरणादायक सफलता कहानी

Sanket Morankar

Published on 17 Dec 2025



आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि बच्चों के **मानसिक विकास, एकाग्रता, स्मरणशक्ति और तार्किक क्षमता** को निखारना भी उतना ही आवश्यक हो गया है। इसी सोच को साकार रूप देने वाले व्यक्ति हैं **गणेश रतनराव बनकर**, जिन्होंने **‘The Abacus World’** की स्थापना कर शिक्षा के क्षेत्र में एक नई क्रांति की शुरुआत की है ।

**17 दिसंबर 2023** को स्थापित **दि अबॅकस वर्ल्ड** की नींव गणेश बनकर की दूरदृष्टि पर रखी गई थी। उनका उद्देश्य स्पष्ट था—**हर बच्चे तक अबॅकस शिक्षा की पहुंच** सुनिश्चित करना, ताकि कोई भी विद्यार्थी इस वैज्ञानिक और प्रभावी गणितीय पद्धति से वंचित न रहे ।

उनका मानना है कि यदि भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है, तो इसके लिए **स्किलफुल और आत्मनिर्भर पीढ़ी** तैयार करनी होगी। और यह कार्य स्कूल स्तर से ही शुरू होना चाहिए।

The Abacus World में ऐसा शैक्षणिक वातावरण तैयार किया गया है, जहां बच्चों के भीतर छिपी **मानसिक क्षमताएं जागृत** होती हैं। यहां प्रशिक्षण के माध्यम से बच्चों में

- तेज़ गणना क्षमता
- गहरी एकाग्रता
- स्मरण शक्ति
- सटीकता और आत्मविश्वास

जैसे गुणों का विकास किया जाता है। इसका परिणाम यह होता है कि बच्चों में **सीखने की रुचि** बढ़ती है और पढ़ाई बोझ नहीं बल्कि आनंद बन जाती है
गणेश बनकर ने समझा कि यदि हर बच्चे तक अबॅकस शिक्षा पहुंचानी है, तो **स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षित शिक्षक** होना जरूरी है। इसी सोच से The Abacus World ने **फ्रेंचाइज़ी मॉडल** अपनाया।

आज, इस संस्था की **85 से अधिक शाखाएं** महाराष्ट्र के साथ-साथ राजस्थान, मध्य प्रदेश और पश्चिम बंगाल में सफलतापूर्वक संचालित हो रही हैं ।

The Abacus World अपने फ्रेंचाइज़ी पार्टनर्स को

- संपूर्ण प्रशिक्षण
- शिक्षण सामग्री
- व्यावसायिक मार्गदर्शन
- मार्केटिंग और ऑपरेशनल सपोर्ट

प्रदान करता है। यही कारण है कि फ्रेंचाइज़ी धारकों को **पहले महीने से ही आय शुरू** हो जाती है और असफलता की संभावना न्यूनतम रहती है ।

इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से कई **शिक्षित महिलाएं**, जो पारिवारिक जिम्मेदारियों के कारण बाहर काम नहीं कर पा रही थीं, आज आत्मनिर्भर बन चुकी हैं। वे घर और करियर—दोनों को संतुलित करते हुए बच्चों को शिक्षा दे रही हैं और परिवार की आर्थिक स्थिति को भी सशक्त बना रही हैं ।

The Abacus World द्वारा

- **राज्य स्तरीय अबॅकस प्रतियोगिताएं**
- **राष्ट्रीय ऑनलाइन अबॅकस प्रतियोगिता 2025**

का आयोजन किया गया, जिसमें देशभर के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विजेता छात्रों को प्रमाणपत्र, मेडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया ।

**7 जून 2025** को छत्रपती संभाजीनगर में आयोजित राज्यस्तरीय प्रतियोगिता इस संस्था की एक बड़ी उपलब्धि रही, जिसमें प्रसिद्ध लेखक एवं इतिहासकार **राहुल नलावडे सर** मुख्य अतिथि रहे ।

The Abacus World केवल शिक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि अपने फ्रेंचाइज़ी पार्टनर्स के लिए **व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम** भी आयोजित करता है। ऐसे ही एक कार्यक्रम में **प्रो. सचिन वामेकर** द्वारा दिया गया मार्गदर्शन फ्रेंचाइज़ी सदस्यों के लिए बेहद प्रेरणादायक रहा।

आज जब तकनीक के कारण नौकरियों के अवसर सीमित हो रहे हैं, The Abacus World जैसे प्लेटफॉर्म **शिक्षा आधारित उद्यमिता** का सशक्त विकल्प बनकर उभरे हैं। यह न केवल बच्चों का भविष्य संवार रहा है, बल्कि शिक्षकों को सम्मान, पहचान और आर्थिक स्वतंत्रता भी दे रहा है ।

**गणेश रतनराव बनकर** द्वारा स्थापित **The Abacus World** केवल एक शिक्षण संस्था नहीं, बल्कि

- छात्रों के लिए उज्ज्वल भविष्य
- शिक्षकों के लिए सम्मानजनक करियर
- और समाज के लिए स्किलफुल पीढ़ी

तैयार करने का एक सशक्त आंदोलन है। उनकी यह यात्रा यह सिद्ध करती है कि **सही दृष्टि, मजबूत योजना और सामाजिक उद्देश्य** के साथ कोई भी विचार राष्ट्र निर्माण की दिशा में बड़ा योगदान दे सकता है ।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.